तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 29 मार्च 2025



12 बस्तर की लोक संस्कृति को मिल रही नई पहचानः वनमंत्री कश्यप



14 धरातल पर योजनाओं का करें प्रभावी क्रियान्वयन




[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

## खबर संक्षेप

### जिपं स्थायी समितियों का गठन 4 अप्रैल को

**जगदलपुर।** जिला पंचायत बस्तर के सभागार में स्थायी समितियों का गठन 4 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ की जाएगी। समितियों के गठन के लिए पीठासीन अधिकारी एवं जिला पंचायत के सीईओ ने सभी जिला पंचायत सदस्यों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरीस एस द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की सहायता राशि प्रदान करने स्वीकृति दी गई है। तहसील दरभा के अंतर्गत कामानार निवासी कमली पति जलदेव की मृत्यु पानी में डूबने से हो गई थी। पति को आर्थिक सहायता दी जाएगी।

### उत्कल दिवस पर एक अप्रैल को निकलेगी शोभायात्रा

**जगदलपुर।** आगामी 1 अप्रैल को उत्कल समाज के स्थापना दिवस पर शाम 5 बजे उत्कल समाज भवन से शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्रतिवर्ष की तरह इस साल भी दिनभर अनेक कार्यक्रम समाज भवन में होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज के बच्चे और युवक-युवतियां गीत-संगीत की प्रस्तुति देंगे। उड़िया भाषा में भी अनेक कार्यक्रम होंगे। उसके बाद सामूहिक रात्रिभोज होगा।

### नक्सलियों का 4 अप्रैल को बीजापुर बंद का आह्वान

**जगदलपुर।** पश्चिम बस्तर संभाग के माओवादी नेता तथा प्रवक्ता मोहन ने तेलगू में जारी प्रेसनोट में मुठभेड़ों के खिलाफ 4 अप्रैल को बीजापुर बंद का आह्वान किया है। प्रेसनोट में बताया गया है कि अलग-अलग मुठभेड़ में 78 नक्सली मारे गए। 20 मार्च को मुठभेड़ में मारे गए 26 नक्सलियों में से 24 के पदवार नाम जारी किए गए हैं। वहीं 40 ग्रामीणों को गिरफ्तार करने का आरोप भी पुलिस पर लगाया गया है। गौरतलब है कि 5 अप्रैल को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का बस्तर पंडुम कार्यक्रम में दंतेवाड़ा आने की संभावना है। इसके 1 दिन पहले नक्सलियों का बीजापुर बंद का आह्वान है।

### फेसबुक से प्रेमजाल में फंसाकर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर।** फेसबुक के माध्यम से फ्रेंडशिप करके फोन के माध्यम से लगातार प्यार भरी बातें करके बातों को रिकॉर्ड करके बातचीत को पीड़िता के परिजनों एवं सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म में वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले ओडिशा के आरोपी को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा धमकी देकर पीड़िता से 1.56 लाख रूपए वसूली किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। पीड़िता ने दर्ज रिपोर्ट मे बताया कि आरोपी अबरार खान 31 वर्ष निवासी कोटपाड़ मस्जिद के पीछे कोरापुट ओडिशा द्वारा मार्च 2025 के प्रथम सप्ताह में फेसबुक के माध्यम से फ्रेंडशिप करके पीड़िता के साथ फोन के माध्यम से लगातार प्यार भरी बातें कीं। बातों को रिकॉर्ड करके उक्त बातचीत को पीड़िता के परिजनों एवं सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म में वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते हुए 1 लाख 56 शेष पेज 12 पर

## इंद्रावती की सहायक नदी तेलंगिरी में बना बांध, राज्य के 22 से अधिक गांवों की फसल सूखी

# इन्द्रावती नदी में जगह-जगह बांध निर्माण कर छत्तीसगढ़ को हक का पानी नहीं दे रहा ओडिशा

अनिल सामंत ▶▶ जगदलपुर

हर वर्ष ग्रीष्म सीजन में इन्द्रावती नदी सूखने का दंश बस्तरवासियों को भुगतना पड़ता है। ओडिशा इसी इन्द्रावती नदी और उसकी सहायक नदी में जगह-जगह बांध निर्माण कर बस्तर को उसके हक के पानी से वंचित रखा है। इधर महानदी में छग और ओडिशा के मध्य हुए जल बंटवारा समझौते का आरोप छत्तीसगढ़ पर मढ़ रहा है। इस वर्ष भी ग्रीष्म के प्रारंभकाल में इन्द्रावती नदी बस्तर की ओर जल प्रवाह पूरी तरह से थमने से बस्तर के लगभग 22 से अधिक गांव में ग्रीष्मकालीन फसल सुख चुका है।

पिछले 5 दशक से अविभाजित मध्यप्रदेश के दौर से 2000 से बना नया छत्तीसगढ़ प्रांत के स्थापना से लेकर आज पर्यन्त 2024 तक ओडिशा और छत्तीसगद (अविभाजित मध्यप्रदेश) के मध्य हुए इन्द्रावती नदी जल बंटवारे समझौते का पालन ओडिशा नहीं कर रहा है। ओडिशा के थुआमाल रामपुर से बस्तर की प्राणदायनी इन्द्रावती नदी का उदगम हुआ है। इन्द्रावती नदी अपने उदगम स्थल से ओडिशा में 174 किमी बहने के बाद बस्तर प्रवेश करती है। यहां बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर में यह नदी 233 किलोमीटर बहती है। छत्तीसगढ़ शासन की रिपोर्ट के अनुसार उदगम स्थल से छत्तीसगढ़ की सीमा तक इस नदी का कुल जलग्रहण क्षेत्र शेष पेज 12 पर

अलग खबर



### सीमा पर जल बहाव मापने के बंदोबस्त नहीं

मालूम हो कि दोनों राज्यों के बीच सीमा पर जल बहाव मापने (गेज साइट) का बंदोबस्त नहीं होने से यह पता नहीं चलता कि साल में सीमा पर समझौते का 45 टीएमसी पानी मिला भी या नहीं। सीमा पर गेज साइट स्थापित करने का प्रस्ताव काफी पहले केंद्रीय जल आयोग को दिया गया है लेकिन अभी तक गेज साइट स्थापित नहीं किया गया है।



### तेलंगिरी में बांध बनने से बस्तर में जल संकट

गर्मियों में बस्तर में जलसंकट से जूझने वाली इंद्रावती नदी की सहायक नदी तेलांगिरी में ओडिशा ने बांध का निर्माण पूरा कर लिया है। इस बांध के बनने के बाद बस्तर में इंद्रावती नदी में जल संकट के और गहराने की आशंका बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तेलांगिरी बांध के निर्माण को लेकर पिछले सात आठ सालों से ओडिशा के समक्ष विरोध दर्ज किया जाता रहा है लेकिन कोई असर नहीं हुआ। बांध बनकर तैयार हो गया है और जलभराव भी होने लगा है। तेलांगिरी बांध की जलभराव क्षमता 2.62 टीएमसी बताई गई है। इंद्रावती नदी जल बंटवारे को लेकर दोनों राज्यों (अविभाजित मध्यप्रदेश और ओडिशा) के बीच 46 साल पहले 1975 में हुए समझौते में छत्तीसगढ़ की सीमा पर इंद्रावती में सलाना 45 टीएमसी जलबहाव सुनिश्चित कराने का उल्लेख है। यह पानी किस सीजन में कितना दिया जाएगा इसका अलग से कोई उल्लेख नहीं है।

### बस्तर को मिलना है 8.115 टीएमसी पानी

इंद्रावती-जोरा नाला संकट के बाद छत्तीसगढ़ 45 टीएमसी पानी की मात्रा में से कम से कम 8.115 टीएमसी पानी गैर मानसून सीजन में उपलब्ध कराने की मांग करता रहा है। साथ ही ओडिशा में इंद्रावती नदी पर निर्मित खातीगुड़ा बांध के नीचे इंद्रावती नदी में मिलने वाले सहायक नदी-नालों पर बांध बनाने के पहले गर्मियों में इंद्रावती नदी में सीमा पर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर जोर दिया जाता रहा है। विदित हो कि पड़ोसी राज्य ओडिशा में इंद्रावती नदी के साथ ही उसके सहायक नदी-नालों में पानी रोकने अधिकाधिक बांध और एनीकट बनाने का काम चल रहा है। तेलांगिरी भी इसी योजना का हिस्सा है। 2014 में तेलांगिरी परियोजना पर काम शुरू हुआ था जो 2020 में पूर्ण हो गया है। बस्तर और ओडिशा सीमा पर बहने वाली इंद्रावती की एक और सहायक नदी भस्केल में भी बैराज निर्माण की दिशा में भी ओडिशा ने पहल तेज कर दी है।

### इंद्रावती में थम जाता है जलबहाव

बस्तर सीमा से पांच से सात किलोमीटर दूर इंद्रावती नदी का आधे से अधिक पानी जोरा नाला में बह जाता है। जोरा नाला कभी इंद्रावती नदी का सहायक नाला हुआ करता था पर पिछले तीन दशक से इंद्रावती नदी जोरा नाला ओडिशा में जोरा नाला को सुरली नदी कहा जाता है की सहायक बन गई है। इस संकट को कम करने 24 दिसंबर 2003 को दोनों राज्यों के बीच इंद्रावती-जोरा नाला संगम में दो पक्के कंट्रोल स्ट्रक्चर बनाकर इस स्थल पर इंद्रावती का आधा-आधा पानी बांटने पर सहमति बनी थी। जून 2016 में स्ट्रक्चर बनने के बाद भी जोरा नाला में इंद्रावती का गर्मियों में आधा से अधिक पानी बह जाता है। संगम में रेत का भंडार जमा होने, जोरा नाला के तटबंध में कटाव बढ़ने आदि कई कारणों से कभी-कभी ऐसी स्थिति भी बन जाती है कि इंद्रावती नदी में ओड़शि सीमा से बस्तर की ओर पानी का बहाव ही पूरी तरह से थम जाता है।

## 300 से अधिक बैंक खातों का एनालिसिस कर आरोपी तक राजस्थान पहुंची पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

19 जनवरी को प्रार्थी ने थाना पहुंच कर एक लिखित आवेदन पेश किया, जिसमें 7 फरवरी 2024 एवं 8 फरवरी 2024 के मध्य मोबाइल धारक एवं विभिन्न बैंक खाता धारकों के द्वारा प्रार्थी से ब्लैक रॉक इंडियन बिजनेस स्कूल के नाम पर 13 लाख 54 हजार 963 रूपए धोखाधड़ी कर ले लिया गया। फ्रॉड करने की रिपोर्ट थाना बचेली में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

- ब्लैक रॉक इंडियन बिजनेस स्कूल के नाम पर 13 लाख की धोखाधड़ी का मामला

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा-निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार तथा रामकुमार बर्मन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा, किरन्दुल के मार्गदर्शन में आरोपियों के शीघ्र गिरफ्तारी कर धोखाधड़ी हुई राशि को बरामद करने विवेचना शुरू की गई। इस दौरान तकनीकी शाखा के नोडल अधिकारी ठाकुर गौरव सिंह के नेतृत्व में मोबाइल नंबरो के लोकेशन एवं विभिन्न बैंको के 300 खातों का जांच कर ट्रांजेक्शन की जानकारी के आधार पर आरोपियों की पतासाजी हेतु बचेली पुलिस टीम थाना प्रभारी मधुनाथ



ध्रुव के साथ 18 मार्च को राजस्थान के जयपुर, बाड़मेर और जैसलमेर के लिए रवाना हुई। आरोपी मुकेश गर उम्र 30 वर्ष निवासी नांद शिव भाखरी थाना बाड़मेर राजस्थान को पकड़ा गया तथा आरोपी के घर की तलाशी लेने पर बैंक का पासबुक, चेकबुक, एटीएम, आधारकार्ड, पेन कार्ड, मोबाईल एवं नगद 145000 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से 21 मार्च को गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय शिव जिला बाड़मेर राजस्थान से ट्राजिस्ट रिमांड प्राप्त कर न्यायालय बचेली के समक्ष प्रस्तुत कर रिमाण्ड में लिया गया है।

### ये रहे उपस्थित

कार्रवाई में निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव थाना प्रभारी बचेली, उप निरीक्षक रूपेश नारंग, आरक्षक मिथिलेश पुजारी, अभिजीत वट्टी, जैनेंद्र विश्वकर्मा, गजेन्द्र ध्रुव एवं अजीत पैकरा की सराहनीय भूमिका रही।

## नक्सलगढ़ जगरगुण्डा में पूजा अर्चना के साथ बैंक का शुभारंभ

**जगदलपुर।** नक्सलगढ़ कहे जाने वाले जगरगुण्डा में ग्रामीणों के लिए बैंक का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ हुआ। बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि समेत शासन की योजनाओं का लाभ बैंक के माध्यम से ग्रामीणों को मिल सकेगी। संवेदनशील क्षेत्र होने से यहां के ग्रामीण दोरनापाल और कोंटा जाकर बैंक से राशि निकाल पाते थे। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन से बैंक जगरगुण्डा में खोलने की मांग की थी। सुकमा कलेक्टर देवेश ध्रुव एवं जिला पंचायत सीईओ नमृता जैन के प्रयासों से बैंक खोलने में सफलता मिली है।



## अपहरण और हत्या के मामले में फरार 3 माओवादी सहित 6 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत थाना बेदरे एवं छसबल 18/ई की संयुक्त कार्रवाई में एड्कापल्ली से ग्रामीण के अपहरण एवं हत्या के मामले में फरार 3 माओवादियों को पकड़ा गया। जिनमें रमेश मिच्चा ग्राम पार्टी कमेटी सदस्य उम्र 29 वर्ष ग्राम एड्कापल्ली थाना बेदरे, राकेश वाचम 23 वर्ष निवासी एड्कापल्ली थाना बेदरे तथा बाजू वाचम मिलिशिया सदस्य 32 वर्ष निवासी एड्कापल्ली थाना बेदरे,थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत डीआरजी और थाना भैरमगढ़ की संयुक्त टीम चिहका की ओर अभियान पर निकली थी। ओड़सा घुड़साकल स्टॉप डेम निर्माण कार्य में लगे वाहन में आगजनी करने एवं कर्मचारियों से मारपीट करने की घटना में शामिल 3 फरार माओवादी आरोपियों को पकड़ा गया।

वहीं अन्य मामले में लालू भोगामी मिलिशिया सदस्य 32 वर्ष निवासी चिहका थाना भैरमगढ़, ईश्वर कुपाल 32 वर्ष निवासी चिहका थाना भैरमगढ़, रतीराम जुर्री 30 वर्ष निवासी चिहका थाना भैरमगढ़ पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना भैरमगढ़ में 1-1 स्थाई वारंट लंबित है। पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना बेदरे एवं भैरमगढ़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमांड पर न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया।

## नक्सलियों द्वारा अपनाये जा रहे नए-नए तरीकों को लेकर जवानों को किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंटा

किस्टारम में तैनात 212 बटालियन एवं 217 बटा. कैम्प का छत्तीसगढ़ सेक्टर के सी आर पी ए फ महानिरीक्षक राकेश अग्रवाल ने जायजा लिया। इस दौरान उनके द्वारा गैराराम पैडागुडेम, धर्मापेंटा, वेलकमगुडा, किस्टारम एवं पालोडी कैम्प में उपस्थित जवानों को नक्सलियों द्वारा अपनाये जा रहे नए-नए तौर तरीकों व उनसे निपटने के बारे में अवगत करवाया। सीआरपीएफ महानिरीक्षक राकेश अग्रवाल ने यह भी बताया की केरिपु.बल की ड्यूटी काफी सराहनीय है। यह बल देश के विभिन्न भागों में बखूबी तरीके से पूर्ण कर रही है। छत्तीसगढ़ में पिछले तीन महीने में केरिपु.बल ने नक्सल के गढ़ माने जा रहे विभिन्न स्थानों पर नये अग्रिम परिचालनीक कैम्प स्थापित कर नक्सलियों को उन स्थानों को छोड़ने पर मजबूर कर दिया है ।

- सीआरपीएफ डीआईजी ने किस्टारम क्षेत्र का दौरा कर लिया जायजा



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर एन.के. सिंह पुलिस उप महानिरीक्षक छग सेक्टर एवं सूरज पाल वर्मा पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालनीक रेंज कोंटा तथा दीपक कुमार श्रीवास्तव कामाण्डेट 212 बटालियन विजय शंकर कामाण्डेट 217 बटालियन गजेन्द्र बहादुर सिंह द्वितीय कमान अधिकारी दिनेश कुमार द्वितीय कमान अधिकारी 212 बटा. नीर सिंह मीणा द्वितीय कमान अधिकारी 217 बटा. निशांत सूद सहा. कमाण्डेट सहित किस्टारम मार्ग पर स्थित केरिपु. बल कैम्पों में तैनात अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

साथ ही भिन्न-भिन्न अंदरूनी गाँवों में लोगों से वार्ता कर सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी सरकारी योजनाओं के बारे मे स्थानीय नागरिकों को अवगत कराया जा रहा है। सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर ग्रामीणों एवं बच्चो की जरूरतों का सामान जैसे टेलीविजन, साड़ी, लूंगी, बर्तन, मच्छरदानी, रेडियो, सोलर लाईट, चप्पल, स्कूल ड्रेस तथा स्टेशनरी वितरित कर स्थानीय लोगो का केरिपु. बल ने संबंध अधिक मधुर बनाया है।

## 38 जोड़ों का आदिवासी रीति रिवाज से हुआ विवाह

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह में 70 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का आयोजन बीजापुर मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन मैदान में सम्पन्न हुआ। जिसमें 70 जोड़े एक दूसरे के जीवन साथी बने। जिसमें 29 हिन्दू रीति-रिवाज, 3 इसाई एवं 38 दंपती आदिवासी रीति रिवाज से परिणय सूत्र में बंधे।आर्थिक रूप से कमजोर माता-पिता का सहारा बने इस योजना से वर-वधू एवं उनके माता-पिता के लिए आज का दिन एक ऐतिहासिक पल था। आज के खर्चीले विवाह आयोजन से मुक्ति दिलाई और उनके बच्चों का विवाह बिना किसी आर्थिक बोझ के छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना से साकार हुआ। योजना से लाभान्वित नवदंपति सत्यवती ककेम, मड़कम सुनील एवं प्रियंका मड़वी, अर्जुन सोड़ी ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से निःशुल्क विवाह संपन्न होने के साथ-साथ आर्थिक मदद भी मिला। वहीं जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजन को लेकर बेहतर व्यवस्था की गई थी।मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में शामिल हितग्राही के लिए शासन द्वारा प्रत्येक जोड़े के लिए 50 हजार का प्रावधान रखा गया है जिसमें से प्रत्येक जोड़े को कपड़े, गहने, श्रृंगार सामग्री वरमाला के अलावा वधू के खाते में पैंतीस हजार रूपए शासन द्वारा अंतरित की जाती है।

- वर-वधू ने मुख्यमंत्री का जताया आभार





### सुखद वैवाहिक जीवन के लिए दी गई शुभकामनाएं

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी, कलेक्टर संबित मिश्रा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने नवदंपति को सुखद वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

## नाबालिग से अनाचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नाबालिग को इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती कर अपने साथ शादी का झांसा देकर भगा कर ले जाना व जबरन शारीरिक संबंध बनाकर बा ला त्का र करने वाले यूपी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

- इंस्टाग्राम में की थी दोस्ती
- जनवरी माह से गायब थी पीड़िता, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग, सीएसपी आकाश श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मामले



कि रिपोर्ट 24 जनवरी 2025 को दर्ज कराते हुए प्रार्थी ने बताया कि उसकी बेटी 13 जनवरी की रात से गायब थी जिसका आस-पास पता तलाश करने व पूछताछ के बाद भी पता नहीं लगने पर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। मामले की जांच कर रही टीम को जिला बरेली उत्तरप्रदेश मोबाइल नंबर के लोकेशन के आधार पर रवाना किया गया था। टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेकर पुछताछ करने शेष पेज 12 पर

